# बहुपक्षीय विकास बैंकों में सुधार

## प्रलिम्स के लिये:

बहुपक्षीय विकास बैंक (MDB, द्वितीय विश्व युद्ध, विश्व बैंक समूह, एशियाई विकास बैंक, अफ्रीकी विकास बैंक, एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक

## मेन्स के लिये:

MDB तथा सुधारों से संबंधित प्रमुख चुनौतियाँ

स्रोत: हिंदुस्तान टाइम्स

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सितंबर 2024 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान होने वाले इस वर्ष के शिखर सम्मेलन में बहुपक्षीय विकास बैंकों (MDB) में सुधार एक प्रमुख बिंदु होगा।

## बहुपक्षीय विकास बैंक (MDB) क्या हैं?

- **परिचय:** MDB **अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थान** हैं जो विकासशील देशों में आर्थिक एवं सामाजिक विकास परियोजनाओं के वित्तपोषण के साथ-साथ पेशेवर परामर्श भी प्रदान करते हैं।
  - इनका गठन तथा पूंजीकरण **कई देशों** द्वारा एकत्रित संसाधनों एवं उनके बोर्डों के साझा प्रतिनिधित्व के माध्यम से किया जाता है।
  - इनकी उत्पत्ति द्वितीय विश्व युद्ध के बाद युद्ध से क्षतिग्रस्त देशों के पुनर्निर्माण एवं वैश्विक वित्तीय प्रणाली को स्थिरता प्रदान करने के लिये की गई थी।
- **उद्देश्य: वाणिज्यिक बैंकों के विपरीत MDB अपने शेयरधारकों के लिये अधिकतम लाभ अर्जित की कोशिश नहीं करते हैं।**
- इसके स्थान पर वे विकास के लक्ष्यों को प्राथमिकता देते हैं, जैसे अत्यधिक गरीबी को समाप्त करना एवं आर्थिक असमानता को कम करना।
  - वे प्राय: कम अथवा बिना ब्याज पर ऋण प्रदान करते हैं अथवा बुनियादी ढाँचे, ऊर्जा, शिक्षा, पर्यावरणीय स्थिरता एवं विकास को बढ़ावा देने वाले अन्य क्षेत्रों की परियोजनाओं हेतु अनुदान प्रदान करते हैं।
- **प्रमुख MDB: विश्व बैंक समूह, एशियाई विकास बैंक, अफ्रीकी विकास बैंक, यूरोपीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक** एवं **इंटर-अमेरिकन डेवलपमेंट बैंक**।

## MDB से संबंधित प्रमुख चुनौतियाँ क्या हैं?

- **संसाधन संबंधी बाधाएँ:** MDB के लिये विशेष रूप से बढ़ती आवश्यकताओं के आलोक में प्राय: ऋण देने हेतु पूंजी उपलब्धता एक चुनौती हो सकती है। **परिणामस्वरूप महत्त्वपूर्ण विकास पहलों** में **वित्तपोषित करने की उनकी क्षमता बाधित** हो सकती है।
- **वैश्विक चुनौतियों के साथ तालमेल बनाए रखना:** विश्व को जलवायु परिवर्तन, **महामारी और तकनीकी व्यवधान** जैसी नई और जटिल चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।
  - MDB ने इन मुद्दों को प्रभावी ढंग से संबोधित करने के लिये अपनी रणनीतियों और दृष्टिकोण में इन बढ़ती चुनौतियों को पूरी तरह से अनुकूलित नहीं किया है।
- **निर्णय निर्माण:** कुछ MDB में वर्तमान मतदान संरचना विकसित देशों को अधिक शक्ति प्रदान करती है।
  - विकासशील देश अपनी आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को प्रतिबिंबित करने के लिये **निर्णय लेने में अधिक भूमिका निभाने पर ज़ोर** दे रहे हैं।
  - **MDB में निर्णय लेने की प्रक्रियाओं की पारदर्शिता के साथ ही भ्रष्टाचार** और कुप्रबंधन को रोकने के लिये मज़बूत जवाबदेही तंत्र की आवश्यकता है।
  - उदाहरण के लिये **संयुक्त राज्य अमेरिका के पास विश्व बैंक में 15.85%** वोटिंग शक्ति है, जो उसे संस्था के निर्णयों पर पर्याप्त प्रभाव प्रदान करती है।

- **एकीकृत दृष्टकिोण:** बहुपक्षीय वकिास बैंक से सभी के लयि उपयुक्त ऋण, जैसे समान ब्याज दर या पुनर्भुगतान कार्यक्रम, उनकी ववििध आर्थकि संरचनाओं और वित्तीय क्षमताओं के कारण वैश्वकि दक्षणि के देशों के लयि चुनौतीपूर्ण हैं।

## बहुपक्षीय वकिास हेतु बैंकों में क्या सुधार आवश्यक हैं?

- **जलवायु से संबंधति वित्तपोषण:** MDB वकिासशील देशों में जलवायु परविर्तन शमन और अनुकूलन परयिोजनाओं के लयि संसाधन जुटाने में महत्त्वपूर्ण भूमकिा नभिा सकते हैं।
    - इसमें **समर्पति जलवायु वित्त सुवधिाएँ,** [हरति बॉण्ड](#) की पेशकश करना और नवीकरणीय ऊर्जा परयिोजनाओं के लयि नवीन जोखमि-साझाकरण उपकरण वकिसति करना शामलि हो सकता है।
- **ज्ञान साझा करना और [दक्षणि-दक्षणि सहयोग](#):** वकिासशील देशों के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान को सुवधिाजनक बनाने के लयि MDB को प्रोत्साहति करना।
    - इसमें समान चुनौतयिों का सामना करने वाले देशों को जोड़ना और सफल वकिास रणनीतयिों पर सहयोग को बढ़ावा देना शामलि हो सकता है।
- **परवर्ती स्तर की रणनीतयिाँ:** मध्यम-आय वाले देशों के लयि पारदर्शी चैनल स्थापति करना, जैसे-जैसे वे बढ़ते हैं, नजिी स्रोतों से रयिायती ऋणों से बाज़ार-दर पर वित्तपोषण प्राप्त करते हैं।
    - इससे कम आय वाले देशों के लयि MDB संसाधन मुक्त हो जाते हैं जनिहें अभी भी महत्त्वपूर्ण समर्थन की आवश्यकता है।
- **सामाजकि और पर्यावरणीय सुरक्षा उपाय: यह सुनश्चिति करने के लयि सुरक्षा उपायों को बढ़ाना कि MDB द्वारा वित्तपोषति परयिोजनाओं का पर्यावरण या समाज पर हानकिारक प्रभाव न पड़े और समावेशी सतत् वकिास सुनश्चिति हो।**

## भारत के प्रमुख बहुपक्षीय वकिास बैंक से संबद्धता:

- **वश्वि बैंक समूह:** भारत वश्वि बैंक समूह के पाँच घटकों में से चार का सदस्य है, अर्थात् **अंतर्राष्ट्रीय पुनर्नरि्माण और वकिास बैंक (International Bank for Reconstruction and Development- IBRD), अंतर्राष्ट्रीय वकिास संघ (International Development Association- IDA), अंतर्राष्ट्रीय वित्त नगिम (International Finance Corporation- IFC) और बहुपक्षीय नविेश गारंटी एजेंसी (Multilateral Investment Guarantee Agency- MIGA)।**
    - भारत **ICSID (इंटरनेशनल सेंटर फॉर सेटलमेंट ऑफ इन्वेस्टमेंट डसि्प्यूट्स)** का सदस्य नहीं है।
    - भारत हेतु वश्वि बैंक की सहायता **1948** में शुरू हुई जब **कृषि मशीनरी परयिोजना** के लयि वित्तपोषण को मंज़ूरी दी गई।
- [एशयिाई वकिास बैंक](#) **(ADB):** भारत ADB का संस्थापक सदस्य और **बैंक का चौथा सबसे बड़ा शेयरधारक है।**
    - **1986** में परचिालन शुरू करने के बाद से ADB ने देश में अपने परचिालन को सरकार की वकिासशील प्राथमकिताओं के साथ जोड़ दयिा है।
    - इस दृष्टकिोण को **देशों की** आगामी **रणनीति साझेदारी, 2023-2027** के माध्यम से अपनाया जाएगा।
- [एशयिाई अवसंरचना नविेश बैंक](#) **(AIIB): भारत, चीन के बाद दूसरे सबसे ज़्यादा वोटगि शेयर** के साथ एशयिाई अवसंरचना नविेश बैंक (AIIB) का संस्थापक सदस्य है।
    - इसका मुख्यालय बीजगि में है।
- **न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB):** भारत, NDB का संस्थापक सदस्य है, चीन के बाद 7.5 बलियिन अमेरकिी डॉलर के साथ NDB का दूसरा सबसे बड़ा वित्तीय सहायता प्राप्तकर्त्ता है।
    - इसकी स्थापना 2015 में [BRICS](#) देशों (ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षणि अफ्रीका) द्वारा की गई थी।

**दृष्टि मेन्स प्रश्न:**

**प्रश्न.** वैश्वकि स्तर पर सतत् और समावेशी वकिास को बढ़ावा देने में बहुपक्षीय वकिास बैंकों (MDB) की भूमकिा पर चर्चा कीजयि। MDB बढ़ती जलवायु चुनौतयिों का प्रभावी ढंग से सामना कैसे कर सकते हैं?

## UPSC सवििलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

***????????????:***

**प्रश्न. एशयिाई आधारकि-संरचना नविेश बैंक [एशयिन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (AIIB)] के संदर्भ में नम्निलखिति कथनों पर वचिार कीजयि: (2019)**

1. AIIB के 80 से अधकि सदस्य राष्ट्र हैं।
2. AIIB में भारत सबसे बड़ा शेयरधारक है।
3. AIIB में एशयिा के बाहर का कोई सदस्य नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (a)**

---

## ***?????:***

**प्रश्न. भारत ने हाल ही में न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) और एशयिन इंफ्रास्ट्रक्चर बैंक (AIIB) का संस्थापक सदस्य बनने के लयि हस्ताक्षर कयि हैं। इन दोनों बैंकों की भूमकिा कसि प्रकार भन्नि होगी? भारत के लयि इन दोनों बैंकों के रणनीतकि महत्त्व पर चर्चा कीजयि। (2012)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/reforms-in-multilateral-development-banks